**श्री रामजीलाल सुमन :** मैं एक मिनट में अपनी बात खत्म कर रहा हूं। अब सोना केवल अमीरी का प्रतीक नहीं है। हमारे देश की परम्परा है कि चाहे शादी हो या संबंध हो, चाहे गरीब आदमी हो या अमीर आदमी हो, उसे शादियों में, समारोहों में खासतौर से सोने का इस्तेमाल करना ही पड़ता है। आज सबसे बड़ी बात यह है कि आज तक हिन्दुस्तान में सोने का भाव इतना आसमान में नहीं गया जितना आज है। आज 10 ग्राम सोने की कीमत दस हजार रूपये से ज्यादा है। अभी शादियों का दौर चल रहा है। गरीब आदमी महंगाई के इस दौर में जहां सोने का भाव आसमान पर है, किस तरह से अपने बेटे और बेटी की शादी कर पायेगा ? चिदम्बरम जी को उसकी जानकारी नहीं है।

सभापति महोदय, अमीर से अमीर और गरीब से गरीब आदमी को सीमेंट की जरूरत पड़ती है। मई 2005 में सीमेंट के 50 किलो बौरे का दाम 130 रुपये था जबकि मई 2006 में यह दाम बढ़कर 230 रुपये हो गया। सरकारी जानकारी के अनुसार सीमेंट के बनाने के उपयोग में आने वाले कच्चे माल की कीमत की बढ़ोतरी को आंका जाये, तो यह मूल्य 16 रुपये से ज्यादा नहीं बढ़ना चाहिए। परन्तु यह मूल्य 100 रूपए बढ़ गया। मेरे कहने का मतलब यही है कि इस देश में आज जो महंगाई की समस्या है, वह जानबूझकर पैदा की गयी है। हमारे देश में संकट न तो खाद्य पदार्थों का है, न ही किसी अन्य वस्तु की कमी है, यह एक कृत्रिम रूप से तैयार किया गया संकट है। इस कृत्रिम संकट को तैयार करने वाले लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई न किया जाना ही इसका मूल कारण है। सरकार को सख्ती के साथ उन लोगों से व्यवहार करना चाहिए जो जनता की जिन्दगी के साथ खिल वाड़ करने वाले हैं।

**श्री राम कृपाल यादव (पटना) :** सभापति महोदय, मैं माननीय सदस्य श्री वासुदेव आचार्य जी का आभार व्यक्त करना चाहूंगा कि उन्होंने आज सदन में नियम 193 के तहत यह चर्चा प्रारम्भ करवाने का अवसर प्रदान किया और हम लोग इस पर आज गंभीरता से चर्चा कर रहे हैं। आज के परिवेश और माहौल में यह निश्चित तौर से एक अहम विाय है। जिस तरह से सभी वस्तुओं की महंगाई बेकाबू होती जा रही है, उस पर सदन चर्चा कर रहा है।

महोदय, आज इस सरकार के दो र्वा पूरे होने जा रहे हैं। जब हमारी सरकार नहीं थी, एनडीए की सरकार सत्ता में थी, तो महंगाई ही मुख्य मुद्दा था। जिस प्रकार एनडीए की सरकार में लगातार महंगाई बेकाबू होती गयी, उसी का एक मुख्य परिणाम यह था कि एनडीए के लोग जो पहले इस साइड में बैठते थे, आज उस साइड में बैठे हुए हैं। मैं माननीय सदस्य श्री लक्ष्मण सिंह जी की बात सुन रहा था, वे कह रहे थे, लेकिन अपनी सरकार के कार्यकाल में, जब उनकी सरकार थी, तो निश्चित तौर पर इन सभी चीजों पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया। इसी का यह परिणाम है कि आज वे प्रतिपक्ष में बैठे हैं। ...(व्यवधान)

**सभापति महोदय :** आप लोग कृपया शान्त रहिए।

**श्री राम कृपाल यादव :** महोदय, निश्चित तौर पर हमारी जनता ने हमें जो सपोर्ट दिया है, चाहे वह किसान हो, मजदूर हो, ठेले वाले हों, रिक्शा चलाने वाले हों या अन्य आम लोग हों, खासकर गरीब तबका आज घर में बैठकर यही सोच रहा है कि इस सरकार ने भी महंगाई को नियंत्रित करने का काम नहीं किया है। आज कोई ऐसी वस्तु नहीं है जिसकी महंगाई न बढ़ी हो, वस्तुओं के दाम कहीं 10 प्रतिशत, कहीं 20 प्रतिशत और कहीं-कहीं पर 30 प्र ातिशत तक बढ़ गए हैं। इसकी वजह से, मैं कहना चाहूंगा कि हमारी सरकार निश्चित तौर पर अलोकप्रिय हो रही है। माननीय वित्त मंत्री जी जब पिछले दिनों बजट लाए थे तो बड़ी आशा के साथ उन्होंने कहा था कि हम निश्चित तौर पर मूल्यों पर नियंत्रण रखने का काम करेंगे, महंगाई नहीं बढ़ने देंगे। उस समय कार, सॉफ्ट ड्रिंक और इसी तरह की कई अन्य वस्तुओं पर करों में राहत भी दी गयी थी। मगर कार और सॉफ्ट ड्रिंक पर करों में रियायत करने का असर गरीबों पर नहीं पड़ता है। अगर कार की कीमत 20-25 हजार रूपए बढ़ जाती है तो कार खरीदने वाला आदमी 20-25 हजार रूपए अधिक दे सकता है, लेकिन इन सब चीजों से गरीब तबका जिसके सपोर्ट पर हम लोग यह बैठे हैं, उनमें निराशाजनक स्थिति उत्पन्न हुई है। मैं बताना चाहूंगा कि पिछले एक साल में जो महंगाई बढ़ी है वह इस प्रकार है।

महोदय, मैं एक साल की बात कर रहा हूं। 2005 में दूध का दाम 17 रुपए लिटर था, जो अब बढ़कर 22 रुपए लिटर हो गया है। आलू का दाम चार से पांच रुपए प्रति किलोग्राम था, जो अब बढ़कर आठ से दस रुपए प्रति किलोग्राम हो गया है। दालें जो उस समय 29-30 रुपए प्रति किलोग्राम

थीं, अब 35-38 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई हैं। इसी तरह से रोज इस्तेमाल होने वाला टमाटर, जिसे हर व्यक्ति खाता है, उसका दाम चार से पांच रुपए प्रति किलोग्राम था, जो अब बढ़कर छः रुपए हो गया है। आटा जो उस समय 110 रुपए में दस किलोग्राम मिलता था, अब 140 रुपए का दस किलोग्राम मिलता है। चावल का दाम जो उस समय 20-21 रुपए प्रति किलोग्राम था, अब 23 रुपए से 25 रुपए प्रति किलोग्राम में मिल रहा है। प्याज का दाम 2005 में छः रुपए से आठ रुपए प्रति किलोग्राम था, जो अब बढ़कर 15 रुपए प्रति किलोग्राम हो गया । चीनी पहले 18-20 रुपए प्रति किलोग्राम में बिकती थी, आज वही चीनी 22 रुपए प्रति किलोग्राम में बिक रही है। एलपीजी के सिलेंडर का दाम 244 रुपए से बढ़कर 294 रुपए हो गया है। मिट्टी का तेल, जिसे गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले किसान और मजदूर प्रयोग में लाते हैं, पहले 20 रुपए लिटर मिलता था, जो अब 30 रुपए लिटर में मिल रहा है। इसी तरह से स्टील के दाम 22,000 प्रति टन से बढ़ कर 24,000 रुपए प्रति टन हो गए हैं। सीमेंट का 50 किलोग्राम का बैग जो उस समय 140 रुपए में मिलता था, आज 240 रुपए में मिल रहा है। इस तरह से कोई भी सामग्री ऐसी नहीं है, जिसका दाम न बढ़ा हो।

हम लोगों को संविधान के तहत रोटी, कपड़ा और मकान का मौलिक अधिकार मिला हुआ है। लेकिन ये तीनों चीजों की खरीद गरीब के लिए, आम आदमी के लिए मुश्किल में पड़ गई है। मकान बनाने के लिए बालू, रेत और ईंटों का दाम भी काफी बढ़ गया है। मेरे पास सब चीजों के रेट हैं, लेकिन मैं उन सबमें जाकर ज्यादा समय नहीं लूंगा। अगर इसी तरह से गरीब की मजदूरी भी बढ़ती तो बात समझ में आती, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। आज आम आदमी मकान बनाने के लिए सोचता है कि कैसे बनाऊं, मकान बनाना उसके लिए सपने जैसा हो गया है।

यूपीए सरकार  निश्चित तौर पर कमिटमेंट के साथ सत्ता में आई थी कि हम आम लोगों को राहत देने और उसे सहायता देने का काम करेंगे। यह हमारा कमिटमेंट था कि हम महंगाई नहीं बढ़ने देंगे। खासतौर पर मैं बताना चाहता हूं कि खाद्यान्न की कीमत काफी बढ़ रही है और यह एक चिंता का विाय है। हम इसके लिए आयात करने की भी सोच रहे हैं। अभी हाल ही में हमने गेहूं का आयात भी किया है। गेहूं का उत्पादन 2004-2005 में 68.64 लाख मीट्रिक टन था और उसकी प्रोक्योरमेंट 147 लाख मीट्रिक टन हुई थी, जबकि 2005-2006 में गेहूं का उत्पादन 71.55 लाख मीट्रिक टन हुआ और दुख के साथ कहना पड़ता है कि प्रोक्योरमेंट सिर्फ 95 लाख मीट्रिक टन हुई। यह जो प्रोक्योरमेंट हुई यह सिर्फ दो राज्यों पंजाब और हरियाणा में हुई है, जबकि अन्य राज्यों बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से भी हो सकती थी, लेकिन वहां नहीं हुई। दुर्भाग्य यह है कि हम अपने किसानों को गेहूं का दाम 650 रुपए प्रति क्विंटल दे रहे हैं और आयात 1100 रुपए प्रति क्विंटल में कर रहे हैं।

**सभापति महोदय :** माननीय सदस्य कृपया समाप्त करें।

**श्री राम कृपाल यादव :** अभी तो मुझे बोलते हुए सिर्फ दो मिनट ही हुई हैं, जबकि मैं अपनी पार्टी से प्रथम वक्ता हूं, जो इस बहस में हिस्सा ले रहा हूं। अगर आप कहेंगे तो बैठ जाऊंगा, लेकिन मैं थोड़ा समय और लेना चाहता हूं। मैं आपको बता रहा था कि महंगाई निश्चित तौर पर हमारे लिए और सरकार के लिए चिंता का विाय है। हमारे यहां दालें नहीं होतीं, हम उनका आयात करते हैं। क्या कारण है कि हम उनका यहां उत्पादन नहीं कर सकते? आसीएआर पर हम लाखों रुपए खर्च कर रहे हैं। वहां वैज्ञानिक बैठे हैं, वे इस बात का पता करें कि किस राज्य में हम दालों का उत्पादन कर सकते हैं और किस राज्य में दूसरी सामग्री का उत्पादन कर सकते हैं।

सभापति महोदय, मैं आपको बताना चाहता हूं कि अगर बीज, खाद इत्यादि तथा जो दूसरी आवश्यक वस्तुएं हैं, उपलब्ध कराई जाएं तो अकेले बिहार में इतनी क्षमता है कि वह पूरे देश को दलहन या गेहूं में आत्मनिर्भर बना सकता है और सिर्फ बिहार ही सारे देश को खाद्य सामग्री दे सकता है, मगर इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे कई राज्य हैं, जिन्हें मदद देने का काम किया जाए तो निश्चित तौर पर वे खाद्य वस्तुएं उत्पादित करके देश के लोगों को खिलाने का काम कर सकते हैं।

महोदय, मैं एक बात और यहां कहना चाहता हूं कि जब तक गरीब लोगों की क्रय शक्ति नहीं बढ़ेगी, तब तक महंगाई कम नहीं होगी। पेट्रोल, डीजल का दाम बढ़ रहा है। कहा जाता है कि अंतरराट्रीय बाजार को देखते हुए ही पेट्रोल, डीजल के दाम बढ़ाए जाते हैं। आप पड़ोसी देशों को देख सकते हैं कि वहां इस समय पेट्रोल के क्या दाम हैं? क्या कारण है कि वहां हमसे कम दाम पर पेट्रोल और डीजल वहां उपलब्ध है। श्रीलंका, बंगलादेश, पाकिस्तान में ये चीजें हमसे कम दाम में मिलती हैं। इस बारे में हमें माननीय वित्त मंत्री का ध्यान आकर्िात करना पड़ेगा, क्योंकि जब तक पेट्रोल, डीजल, राशन और तेल जो हर गरीब, किसान, मजदूर इस्तेमाल करता है, इनके रेट कम नहीं होंगे, तब तक देश से महंगाई दूर नहीं हो सकती है और हम महंगाई पर कंट्रोल नहीं कर सकेंगे। महंगाई को दूर करने के लिए हमें बेरोजगारी को भी दूर करना पड़ेगा। रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने पड़ेंगे, तभी लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी। जब तक गरीबों की क्रय शक्ति नहीं बढ़ेगी, तब तक महंगाई दूर नहीं होगी। गरीबों पर दोहरी मार पड़ रही है। एक तरफ उनकी क्रय शक्ति कम है और दूसरी तरफ महंगाई बढ़ रही है। माननीय मंत्री जी आपको इस बारे में ठोस उपाय सोचने पड़ेंगे। अगर रोजगार के साधन उ पलब्ध कराएंगे, तभी महंगाई का मुकाबला करने में हमारे गरीब लोग सक्षम हो सकेंगे। अभी दिल्ली में न्यायालय का आदेश हुआ। हजारों रिक्शा चलने बंद

करने का आदेश हुआ। इससे बेरोजगारी बढ़ जाएगी। हजारों लोगों का रोजगार खत्म हो जाएगा। वह कहां जाएंगे? इस देश में गरीबी ज्यादा है। गरीबी की रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या अत्यधिक है। जब तक उनकी माली हालत सुधाने का काम नहीं करेंगे, तब तक महंगाई से सामना नहीं हो सकता है। संविधान के आर्टिकल 41 में काम के अधिकार का उल्लेख है, जिसके अनुसार भारत के हर नागरिक को रोजगार करने का अधिकार है। आपने रोजगार गारंटी योजना बनाई है। अगर आप लोगों को रोजगार मुहैया कराएंगे तभी आगे आने वाली स्थिति और परिस्थिति का मुकाबला करने में आप सफल होंगे।

मैं आपसे एक और निवेदन करना चाहता हूं कि जब हमारे यहां उत्पादन हो रहा है तो निश्चित तौर पर कहीं न कहीं कालाबाजारी हो रही है और बड़े व्यापारी जरूर आर्टिफिशियल कमी पैदा कर रहे हैं। वे अपने घरों में, गोदामों में चीजों को छुपा कर रखने का काम कर रहे हैं, जिसकी वजह से बाजार में सामान नहीं पहुंच रहा है और महंगाई बढ़ रही है। इसलिए कालाबाजारियों के लिए आपको व्यापक तौर पर एक अभियान चलाना पड़ेगा और इस काम में राज्यों से सहयोग करने की भी अपील करनी चाहिए। जब तक राज्य सरकारें इस काम में सहयोग नहीं करेंगी, तब तक कालाबाजारी दूर नहीं हो सकती है।

**सभापति महोदय :** आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री राम कृपाल यादव :** आपको इस संबंध में कारगर कानून बनाने की जरूरत है।

**सभापति महोदय :** आप बैठ जाइए।

**श्री राम कृपाल यादव :** महोदय, महंगाई जिस रूप में बढ़ रही है, उसका भार आम लोगों पर पड़ रहा है।

**सभापति महोदय :**आप अपनी बात समाप्त कीजिए। आप समय देखिए।

**श्री राम कृपाल यादव :** महोदय, समय तो मैं देख रहा हूं। इतने महत्वपूर्ण विाय पर चर्चा चल रही है। इस बारे में थोड़ा अधिक बोलने की अनुमति देने की कृपा करें। मैं जल्दी ही अपनी बात समाप्त कर दूंगा। आपका आदेश हुआ है, मैं आपके आदेश का अनुपालन करूंगा। आज देश की स्थिति को देखते हुए सरकार को ठोस नीतियां बनाने की जरूरत है।जब तक नीतियां नहीं बनाएंगे तब तक महंगाई नहीं थमेगी। जिस तरह महंगाई सुरसा की तरह मुंह खोले हैं, आने वाले दिनों में आम गरीब तबके के लोग और गरीबी रेखा से नीचे जीवन गुजर-बसर करने वाले लोगों की स्थिति बहुत खराब हो सकती है। सम्पन्न लोग महंगाई फेस कर लेंगे। माननीय वित्त मंत्री जी एक कारगर और अनुभवी मंत्री हैं। पता नहीं क्यों महंगाई को नियंत्रित नहीं कर पा रहे हैं? वह कौन से कारगर कदम उठाएंगे? बढ़ती हुई महंगाई पर रोक लगायी जाए और आम लोगों को राहत मिले ऐसे कदम उठाए जाएं।

**श्री मित्रसेन यादव (फैजाबाद) :** सभापति महोदय, मैं प्रस्तावक महोदय श्री बसुदेव आचार्य को धन्यवाद देना चाहूंगा और आपका आभार प्रकट करना चाहूंगा कि आपने मुझे बोलने का समय दिया। आज जिस विाय पर चर्चा हो रही है, वह देश की आम जनता से संबंध रखने वाला विाय है जिस का इलाज करने के लिए सरकार बैठी है। सरकार के वित्त मंत्री एक सबसे जिम्मेदार और सबसे अच्छे डॉक्टर हैं। स्वाभाविक है कि डॉक्टर मर्ज को पहचानता है तभी उसका इलाज कर पाता है। ऐसा नहीं है कि देश के मर्ज का इलाज सरकार नहीं जानती। महंगाई के क्या कारण हैं? जब तक हम इसके कारण को नहीं जानेंगे तब तक इसका इलाज नहीं कर सकते। महंगाई का कारण यह है कि जितनी चीज की जरूरत होती है उसके मुताबिक सप्लाई नहीं होती है तो महंगाई बढ़ जाती है। डिमांड के अनुसार सप्लाई नहीं है तो महंगाई स्वाभाविक है। दूसरा, सामान की जखीरेबाजी और चोरबाजारी इसका सबसे बड़ा कारण है। तीसरा, वितरण प्रणाली में दोा होने से महंगाई बढ़ती है। चौथा, औद्योगिक और कृिा उत्पादन में समान आनुपातिक मूल्य निर्धारण न होने के कारण महंगाई बढ़ती है। पांचवा कारण कालाबाजारी है। पूंजीपतियों को लूटने के लिए जो छूट मिल जाती है, उसके कारण महंगाई बढ़ती है। महंगाई के गिने पांच कारण हैं। इन कारणों को सरकार अच्छी तरह जानती है लेकिन उन कारणों में सरकार का भी हाथ फंसा होने के नाते हमेशा दाव-पेच करती है।

अभी आपने राट्रीय आमदनी को बढ़ाने के लिए सारे देश में बड़ी शोहरत और अन्तर्राट्रीय जगत में यह दिखाने की कोशिश की है कि हमारी राट्रीय आमदनी की जो परसेंटेज है वह 8 से 10 परसेंट होने जा रही है। जब राट्रीय उत्पादन इतना होने जा रहा है तो हमें यह पूछने का हक है कि जो गरीब और ग्रामीण अंचल में रहने वाले लोग हैं, वे गरीब क्यों हैं? वे लोग हम से पूछते हैं कि देश की आमदनी बढ़ रही है तो हमारी भुखमरी क्यों हो रही है, आवश्यक वस्तुओं के दाम मंहगे क्यों हो रहे हैं? कारों के दाम कम हो रहे हैं। सरकार ने सुख-सुविधाओं की चीजों के दाम घटा दिए हैं। रोजमर्रा की चीजों के दाम जैसे रोटी और कपड़े के दाम बढ़ रहे हैं। एक स्वाभाविक प्रश्न आम जनता के बीच में पैदा हो गया है। हम चाहेंगे कि वित्त मंत्री जी इसे समझाएं कि राट्रीय आमदनी बढ़ी है तो महंगाई का कारण क्या है? हमारे उत्पादन में जो वृद्धि हुई है, उसका ब्योरा मेरे पूर्व वक्ताओं ने पेश किया है। मैं

उसकी पुनरावृत्ति नही करना चाहता हूं लेकिन हाल के आंकड़े जो इसमें दिए गए हैं उसमें आटे के दामों में वृद्धि 50 परसेंट, चावल में 112 परसेंट, सरसों के तेल की 66 परसेंट, वनस्पति की 55 परसेंट, चीनी की 60 परसेंट, अरहर की दाल 60 परसेंट, रसोई गैस 4 परसेंट, डीजल तथा पैट्रोल 15 परसेंट, सीमेंट की इसी प्रकार से 50 परसेंट की बेतहाशा बढ़ोत्तरी हुई है। बहुत सी राजनीतिक पार्टियों के लोग इसे लेकर कल-परसों से धरना भी देंगे चाहे प्रदेश या राट्रीय स्तर पर दें।

इस सवाल का जवाब देने के लिए जरूरी है कि सरकार यह बताए कि इस महंगाई को रोकने के लिए सरकार क्या उपाय कर रही है और वे कौन से उपाय है जिनके कारण महंगाई पर नियंत्रण किया जा सकता है। कभी-कभी यह देखा जाता है कि हमारे देश में जानवरों का बाजार लगता है और जानवर को बेचने के लिए लोग उन्हें बहुत खिलाते-पिलाते हैं। ये कुछ जानवर हैं, जैसे मुर्गा, सूअर, बकरा आदि, इन्हें किसी और काम के लिए नहीं पालते बल्कि मांस बेचने के लिए पालते हैं और जब वे मोटे हो जाते हैं तब उन्हें बेच देते हैं। यही पूंजीवादी सिस्टम में होता है। हमारे देश की सरकार में भी इसी तरह है कि जब हम किसी चीज को उत्पादन बढ़ाते हैं और क्षमता बढ़ती है तब सरकार हमारा गला रेंत देती हैं। पूंजीवादियों के सहारे चलने वाली सरकार, किसानों के बढ़ते हुए उत्पादन को देखकर दाम घटाती है, हमने आलू का उत्पादन बढ़ाया तब आलू का दाम घटाया। दूसरे प्रदेशों के साथी कह रहे हैं कि सरसों का उत्पादन किया तब सरसों का दाम घटा, गन्ने का उत्पादन किया तब गन्ने का दाम घटा, गेहूं का उत्पादन हुआ तब उसका दाम घटा। हम जब कभी मुनाफे की तरफ बढ़ते हैं अकसर इस देश की सरकार की यही नीति रही है, चाहे जखीरेबाजों के कारण हुआ, चाहे लुटेरों के कारण हुआ, चाहे पूंजीपतियों के कारण हुआ, हमेशा कमाने वाले समाज, कमाने वाले वर्ग के ऊपर हमला होता रहा है। मेरी समझ में नहीं आता है कि इस किसानों के कहे जाने वाले, गरीबों के कहे जाने वाले देश में हम उसी देश की गरीब जनता से, उसी किसान की सपोर्ट से सरकार में बैठते हैं, लेकिन इसके बावजूद उस वर्ग के साथ इतना अत्याचार होता है और लोगों की आंखें नहीं खुलती हैं। सरकार कोई उपाय नहीं करती है, यह सबसे बड़ी विडम्बना है।

इसलिए मैं आपसे कह रहा हूं कि कुछ पूंजीपति चाहते हैं कि हमारे उत्पादन का कम से कम खर्च हो और ज्यादा से ज्यादा मुनाफा हो और मजदूर भी चाहता है कि हम कम से कम काम करें और ज्यादा से ज्यादा मजदूरी मिले। इन दोनों में टकराव है। इन दोनों के टकराव को देखते हुए सरकार को कोई नीति निर्धारित करनी चाहिए। हमारे उत्पादन की लागत नहीं मिलती है। जब कभी हम अपने खेत में कृि उत्पादन बढ़ाते हैं तो लागत नहीं मिलती है जबकि औद्योगिक उत्पादन का दुगुना दाम मिलता है और भरपूर मुनाफा होता है। उनके लिए कर्ज की माफी, ब्याज की माफी होती है और हर तरीके की सहूलियतें मिलती हैं। आज हमारे गांव में अगर कोई आदमी प्राणघातक बीमारी से बीमार पड़ता है, वह दवा नहीं खरीद सकता है,, वह मौत के मुंह में जाने के लिए मजबूर होता है क्योंकि दवाओं का दाम बढ़ गया है। मेरे कहने का मतलब है कि देश की आमदनी बढ़ी है और ग्रामीण अंचल में आदमी अपनी जान बचाने के लिए दवा नहीं ले सकता है।

अभी माननीय सदस्य, श्री रामजी लाल सुमन जी ठीक कह रहे थे कि बच्चों के कुपोाण से, पौटिक आहार न मिलने से कितने प्रतिशत बच्चे मरते हैं। यह हमारे देश के लिए कलंक है। इसलिए महंगाई जैसे बड़े मुद्दे के संबंध में चार-पांच प्वाइंट उठाए हैं और कुछ सुझाव दिए हैं, मैं चाहता हूं कि माननीय मंत्री जी इसके मुताबिक जवाब देंगे।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। आपने मुझे बोलने का समय दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

MR. CHAIRMAN: Shri Anant Gudhe – not present.

Shri Braja Kishore Tripathy.

SHRI BRAJA KISHORE TRIPATHY (PURI): Hon. Chairman, Sir, the price index of the essential commodities is the reflection of Government's performance in fiscal management. We are now witnessing that the prices of essential commodities are soaring up in the country. They are now in a very alarming situation. The UPA Government's assurance in National Common Minimum Programme to keep the prices of essential commodities stable has immensely failed. The Congress has also cheated the people. In its election Manifesto, the Congress had assured the country that they would keep the prices stable, and during the time of election its slogan was ' कांग्रेस का हाथ, आम आदमी

के साथ' Now the *aam aadmi*, the common man is getting the result. चाहे हाथ आम आदमी के साथ हो या गरीब के साथ हो, अभी देश का आम आदमी अनुभव कर रहा है कि सरकार का काम कैसे चल रहा है और एसेंशियल कॉमोडिटीज़ का प्राइज़ कैसे बढ़ रहा है?

Now, the hoarders and the black marketeers are encouraged during this period.

Sir, the Reserve Bank of India has projected inflation to range between 5 and 5.5 per cent during the year 2006-07. During the months of March and April, the inflation rate has gone up to 4.4 per cent. So, we can understand now as to what will be the result during the end of this year.

In 2005-06, the prices of non-metallic and mineral products, rubber and plastic products, beverages, tobacco and tobacco products, sugar, wood products, paper and paper products went up. We have witnessed that. Among the primary articles, the prices of vegetables, fruits and wheat have also increased. We have also witnessed that. The price of wheat also went up because of inadequate supply of wheat.

Sir, the Wholesale Price Index of fuel, power, light and lubricants increased at a pace of 9.5 per cent in 2005-06 and the trend has continued in the current fiscal year as well.

The Government is also planning to increase the prices of diesel, petrol and LPG which may put an upward pressure on the inflation rate. I want to know from the hon. Finance Minister – he is not available here now – as to how many times the price of petrol had been increased during the UPA Government, and whether it was necessary to increase the petrol price because this increase in the price of petrol has indirectly effected the price rise and it has also affected the common man.

Sir, the Meteorological Department has predicted rainfall this year to be lower than normal. If the nature will be cruel to us and if at all the rainfall this year turn out to be poor, then the crop output would get affected, thus leading to an inflationary pressure in the entire market.

Sir, inflation measured in terms of the Consumer Price Index for the Industrial Workers was also higher at 4.4 per cent during 2005-06 when compared to 3.8 per cent in the previous year, that is, 2004-05. The rate was higher in 2005-06 which mainly reflected the rise in the prices of food articles and fuel group, which carry a higher weight in the Consumer Price Index. So, in comparison to 2004-05, the prices of essential commodities were higher in 2005-06 and the Consumer Price Index was higher in 2005-06.

Sir, the Annual Wholesale Price Index-based inflation rose to 3.59 per cent during the week-ended April 29th of this year, and it was higher than the previous week's annual rise of 3.54 per cent. So, in the previous year, the Annual Wholesale Price Index had increased and during the last week of April it has also increased at a very dramatic rate.

Sir, the Wholesale Price Index for all commodities rose by 0.1 per cent to 199 points during the latest reported week from 198.8 points of the previous week.

**18.00 hrs.**

Also, on a disaggregated basis, the Primary Articles' Group Index rose to 0.4 per cent to 195.4 points this year.

Among the Primary Articles' Group, the index for food articles' group rose to 0.5 per cent to 198.2 points. Prices of poultry rose to 14 per cent while the prices of egg were up by six per cent, followed by barley 3 per cent, wheat 2 per cent and *urad,* fruits and vegetables and gram one per cent each.

**सभापति महोदय :** माननीय सदस्य गण, मैंसदन की राय जानना चाहूंगा क्योंकि अभी इधर से दस माननीय सदस्य और बोलने वाले हैं। इसीलिए यदि सदन की सहमति हो तो सदन का समय चर्चा के लिए एक घंटे बढ़ा दिया जाए।

**कई माननीय सदस्य :**बढ़ा दिया जाए।

**सभापति महोदय :**सदन का समय एक घंटे के लिए बढ़ाया जाता है।

…(व्यवधान)

**श्री शरद पवार** : बिल कब लिया जाएगा ?

**सभापति महोदय :**इसके बाद बिल लिए जाएंगे।

**श्री छत्तर सिंह दरबार (धार)** : सभापति महोदय, ज़ीरो ऑवर कब लिया जाएगा ?

**सभापति महोदय :** ज़ीरो ऑवर चर्चा के बाद होगा। सदन से सहमति एक घंटा बढ़ाने के लिए ले ली गई है।

SHRI BRAJA KISHORE TRIPATHY : The prices of edible oil have also increased during this period. In the non-food articles' category, cottonseed became more expensive by two per cent, and the prices of copra, raw cotton and groundnut seed were higher by one per cent each. Board paper got dearer by five per cent. Prices of zinc during the week increased by 21 per cent and other aluminium materials also saw an uptrend of four per cent. In machinery and machine tool category, the prices of automatic power-loom, cranes and power-driven pumps went up by four per cent, two per cent and one per cent respectively. Other hon. Members had mentioned about the price of cement. The price of cement has also gone up dramatically and the Government is expressing its helplessness.

The three national commodity exchanges, NCDEX, MCD, NMCE, have been witnessing huge volumes amidst hectic speculation. Part of the volatility in the commodity market can be traced to a new breed of investors—day traders. This segment of investors, very common in the stock market, diverts their money into commodities, sensing a hidden treasure. Day traders jack up the prices by creating huge demand and book their profit within a day.

What I am just expressing is that the hoarders and the blackmarketeers are encouraged. Traders are now hoarding the articles in the market. Thus, they are creating an artificial scarcity to increase the prices of essential commodities. Also, the Government should look into this matter as to what is happening in Bombay Stock Exchange and why the stock market traders are now shifting to book the food articles, creating an artificial market in order to earn their easy money.

The wheat price in Delhi has reached Rs.1,050 per quintal last week. As on January 1$^{st}$, wheat stock with the FCI is only 6.2 million tonnes.

**18. 04 hrs.** (Shri Varkala Radhakrishnan *in the Chair*)

If huge wheat stocks are there, then I do not understand why the Government is importing wheat at the cost of the farmers, and the price of wheat is also increasing. What is worse is that the Government has completely failed to

control the market. The price is increasing. Stock is there but the Government is importing. What is the policy of the Government? When they are importing wheat, we can understand that the price will come down but the price of wheat is not coming down. That is why, the Government has no control over the market. Whatever the businessmen are detecting , they are doing in their own way. That is why the prices of these essential commodities are going up. Sir, there is complete disconnection between the official inflation rate and the number and the reality on the ground. It is no secret. Everybody knows that whatever the inflation rate the Government is mentioning here is not the reality on the ground. The inflation rate is much more. The prices of essential commodities are much more. That is why, the number the Government is also giving publicly, that inflation rate is not the actual inflation rate. It is much more of that thing.

Lastly, I would like to say that the prices of several essential and non-essential commodities have gone up. So, what is the policy of the Government to control all these things? My suggestion would be that the Government should carefully monitor the price levels of all the essential commodities and undertake measures as required to contain the same. The Government should also adopt anti-inflationary policies and take care of fiscal and monetary discipline. If the Government takes all these steps, then, to some extent, the prices can be controlled. If the Government will fail and help the hoarders and blackmarkeeters, the prices of the essential commodities will not come down and the common people will suffer. So, my request would be that since the hon. Minister of Finance is an able Minister, he would take care of all these things so that the common man will get relief out of these soaring of prices of the essential commodities.

Sir, with these few words, I conclude.

SHRI SHANKAR SINH VAGHELA (KAPADVANJ): Sir, there are two small Bills. … (*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN : The time of the House is already extended up to 7 o' clock.

… (*Interruptions*)

SHRI SHANKAR SINH VAGHELA: Then, at 7 o'clock they can be taken up. … (*Interruptions*)

SHRI C.K. CHANDRAPPAN (TRICHUR): Sir, I am very happy that the House got this occasion to discuss the question of price rise on a motion moved by Shri Basu Deb Acharia.

It is an important occasion that we are discussing this matter on the eve of the UPA Government celebrating its second anniversary. This is probably a time for those who are in office to do a little introspection of what has happened during the last two years. This is also a time that they have to remember the promises that they have made to the people.

Sir, in this context, I would like to mention one thing. Last week or two weeks before when Tamil Nadu election was going on, our hon. Minister of Finance was campaigning for the DMK Party. … (*Interruptions*)

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI P. CHIDAMBARAM): It was for your Party also. … (*Interruptions*)

SHRI C.K. CHANDRAPPAN : I agree. It was for my Party also. I agree that you campaigned very well for the alliance there. When he was campaigning, it was telecast live in Surya TV. Then, he removed his mask of the

Minister of Finance. The grimness and the seriousness were much less. You were campaigning for vote. Then, the hon. Minster of Finance with all the capacity at his command justified the promise of Rs. 2/- a kilogram of rice. It is a good thing that you have done it. I am not denouncing that. Now, what does it mean? It means that the Government of Tamil Nadu will have to subsidise rice in a situation when people are in distress. Now, the problem that we are facing today is that the prices of all the essential commodities -- I do not want to parade, it is plenty and already it has been paraded here - have increased to a great height. If I mention only the question of rice, the price of ordinary rice was Rs. 7.50 or Rs. 8.00 a kilo at the time when the UPA Government came to power.

Now, that is 16 to 17 rupees per kilogram in the open market. So, at this time, I want to know whether the Government will take certain measures by which they can effectively intervene in the market and bring down the prices of essential commodities to a level that the common man will find his life much more comfortable. It requires a certain political will. It requires certain hard decisions. I want to know from the Government whether they are prepared to do so.

When we are discussing it, tomorrow this Parliament will be over. … (*Interruptions*)

SHRI B. MAHTAB (CUTTACK): Only this Session would be over. You do not want the Parliament to be over. … (*Interruptions*)

SHRI C.K. CHANDRAPPAN : No. I do not want that.

When this Session of the Parliament would be over tomorrow, there is a shadow in the whole country that the moment the Parliament Session is over, the Government would probably increase the prices of the petroleum products. You are waiting for that opportunity. That is almost a foregone conclusion.

All the economists have discussed about the petroleum products and how the Government is making a lot of revenue out of the price rise of the international prices of crude. There is taxation, duty etc. The Government's exchequer is very well filled with this detail of international price rise of the petroleum products. Since the hon. Minister of Finance was arguing that a certain amount of subsidy would be required to help the common man when he was speaking in Tamil Nadu, I want to ask one thing. To give one kilo of rice at the price of two rupees, that means he was pleading for subsidy. Otherwise it is not possible. I would like to ask the hon. Minister of Finance a direct question. About the money that you are getting by way of huge taxes on these petroleum products, an amount that will be sufficient to protect the interests of the common people about all the essential commodities that he purchases and to bring down the price – whether a subsidy will be announced as a new package on the eve of the second anniversary of the UPA Government? … (*Interruptions*)

SHRI P. CHIDAMBARAM : Sir, I think this is a misconception which deserves to be dispelled quickly. Firstly, there is no connection between pricing of petroleum products and the promise by the DMK in its manifesto that out of State Government's resources it will bear an additional subsidy. One of your candidates was contesting in my parliamentary constituency.

SHRI C.K. CHANDRAPPAN : He got elected. Thank you.

SHRI P. CHIDAMBARAM : Please ask him the extent of help that we gave to make him win. All that we said was that the promise is feasible in Tamil Nadu having regard to the State Government's resources and the capacity of the

State Government to raise additional resources. That is an entirely separate issue.

On petroleum, I think one other hon. Member also said – last year, in the Budget that Parliament approved, we estimated; the Budget Estimate on petroleum products, both customs and excise, was Rs. 64,738 crore. The Revised Estimate, or actuals or near actuals, was only Rs. 62,874 crore. We got less than the estimate by Rs. 1,864 crore. So, we did not get a windfall. We did not have a bonanza. We did not raise more revenue than what was estimated. In fact, the final figure turned out to be marginally less than the estimated figure. I want to clarify that.

SHRI C.K. CHANDRAPPAN : Sir, now the Finance Minister has clarified that he did not get a windfall of money by way of taxation of the petroleum products according to the estimates. The revised estimates will come later.

I was also understanding that Rs. 2 per kilogram of rice which they provided in the Tamil Nadu was not provided by the Central resources but by the resources amassed by the Government of Tamil Nadu. We have a very efficient Finance Minister who can amass sufficient resources to finance the badly required need for helping the common man. That is what I meant. I did not, for a minute, think that he is financing the Government of Tamil Nadu. Nobody can think like that.

I am asking this question that you should not shirk the responsibility of raising sufficient money for supporting the Public Distribution System, to subsidise the essential commodities to the extent that the inflationary consequences will not be shifted on to the shoulders of the common man. I am only asking whether you will be prepared to do that and also take such measures that the black-marketing and hoarding is not allowed in this country. It is a difficult task, but if you do it with a political determination, there are ways you can check black-marketing and hoarding and also do market intervention, where it is needed. If that is done, probably the situation will be better.

Many of my colleagues, while speaking, mentioned the fact that there is import of wheat at a situation when our own production of wheat was also there. When we were offering our peasants in the country Rs. 650 per quintal of wheat, what was the price offered in the international market? With all our difficulties, in the international market, we are offering Rs. 950 or Rs. 975 per quintal, if I remember correctly. Whatever it is, it was a much higher price that you have offered to those companies who offered to export their wheat to our country. What is the logic behind it? We were on the eve of our crop season and the market would have provided sufficient wheat if an attractive price was offered to the peasants. Then, there was a very miserly attitude that we will not offer an attractive price to our peasants and we will import wheat. I will not go into that.

I would like to ask whether the company that has offered to import wheat is a company that was implicated in the Volcker Committee Report and whether the wheat that they have given to us is substandard and the pesticide they used is questionable. The pests and the weeds that were there in the wheat imported will affect our ecology. This kind of a policy should not be there. This kind of a policy should not be allowed to pursue. On the contrary when the Finance Minister campaigned for State elections in Tamil Nadu as a Congressman, he accordingly took a very correct decision. He was very sympathetic to the common people and their needs. He wanted the Tamil Nadu Government from their resources to subsidise rice and help the people. I am requesting that he as the Finance Minister of the country may please adopt an attitude of sympathy and understanding to the problem of the common man and find resources so that enough subsidy is provided, enough help is provided, and black-marketing and hoarding is stopped and the people are given a new situation. Probably, that is one thing they can do on the second anniversary of the UPA Government, which will make people happy and happier about the future.

**श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा)** : सभापति जी, आपने इस महत्वपूर्ण विाय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत आभार प्र ाकट करता हूं।

अभी जो विाय महंगाई के सम्बन्ध में आया है, यह विाय सम-सामयिक है और पूरे हाउस में, चाहे वह यू.पी.ए. को सपोर्ट करने वाले घटक हों, आर.जे.डी. के राम कृपाल यादव जी हों, सुमन जी हों या सी.पी.आई., सी.पी.एम. के मैम्बर हों और अन्तरात्मा की आवाज अगर निकालें तो अपने कांग्रेस के मित्र हों, सब का एक ही कहना है कि महंगाई भीाण तरीके से बढ़ी है, चौतरफा बढ़ी है और विशे रूप से जो आम आदमी है, इसे महंगाई ने मारा है और उसकी चपेट में देश का आम आदमी आया है। सामान्य रूप से किसी विपक्षी को यह कहा जाता था कि अब पता चलेगा तुम्हें आटे दाल का भाव, अगली बार आ जाओ जरा सा, तब पता चलेगा कि आटे दाल का भाव क्या है। आज समाचार-पत्र लगातार छाप रहे हैं, कल और आज की तारीख के मध्य में जो रात्रि गुजर रही है, इस यू.पी.ए. सरकार के दो वा का कालखण्ड, कार्यकाल समाप्त हुआ है। अंग्रेजी अखबारों की तो मैं नहीं जानता, लेकिन हिन्दी के अखबारों ने, वह भी प्रथम पृठ पर जो समीक्षा दी है, वे इसी से अटे पड़े हैं, मेरे पास अमर उजाला दिनांक 21 मई, 2006 का है। प्रथम पृठ की पहली हैडलाइन है कि मनमोहन के राज में महंगाई मार गई। कौन मार गया, कि महंगाई मार गई, बाकी सब ठीक है। यानी इसमें अगर अगर हम लें तो चक्की के आटे का भाव 20 मई, 2004 को क्या था और 20 मई 2006 को क्या है, 7.50 रुपये किलो जो आटा था, वह 12 रुपये किलो चला गया है, यानी कि पूरी-पूरी 50 प्रतिशत की वृद्धि। जो सामान्य रुप का चावल आम आदमी के उपयोग का 7.50 रुपये किलो था, वह 16 से 17 रुपये चला गया, 112 प्रतिशत की वृद्धि। सरसों का तेल जो 2004 में 35 रुपये था, जब एन.डी.ए. की सरकार ने अपने कार्यकाल सौंपा था, अपना कार्यभार सौंपा था, वह 58 रुपये से 60 रुपये चला गया, 66 प्रतिशत की वृद्धि। वनस्पति तेल 38 रुपये से 60 और 62 रुपये चला गया, 55 प्रतिशत की वृद्धि। यही हाल चीनी का है, जो उस समय 13-14 रुपये किलो थी, वह आज 23-24 रुपये किलो है, 60 प्रतिशत की वृद्धि। अरहर की दाल उस समय 26 रुपये किलो उपलब्ध थी, वह 42 से 45 रुपये किलो है, 60 प्रतिशत की वृद्धि। यह जो मोटा हिसाब है, इसके अलावा हम चौतरफा चले जायें, जैसा मैंने कहा तो बिल्डिंग मैटीरियल है, रेत का भाव, सीमेंट का भाव, सरिये का भाव और इसी तरीके से उससे जुड़े हुए जितनी चीजें हैं, चाहे वह भवन के मामले में हों, चाहे रोटी, कपड़ा और मकान यानी फिर कपड़े के क्षेत्र में, चाहे जिस क्षेत्र में जाएंगे, वहां चारों ओर यह बढ़ी हुए स्थिति सामने आएगी।

इसका कारण क्या है? मैं नहीं समझता कि जो नीति निर्माता हैं या जिनके पास यह दायित्व सौंपा गया है कि वे मूल्यों पर नियंत्रण करेंगे, उनकी नीतियां ठीक हो सकती हैं, वैसे माना तो यह जायेगा कि अगर नीतियां ठीक होतीं तो परिणाम भी ठीक होना चाहिए था। नीतियां ऑन पेपर ठीक हो सकती हैं, लेकिन उन नीतियों का क्रियान्वयन देश के भीतर सही तरीके से किया जा रहा है और सही समय पर किया जा रहा है और उसके पीछे भा वना क्या है। भावना देशवासियों का हित करने की है या फिर किसी वर्ग विशे को अथवा चाहे फिर वह बड़ा निर्माता हो, बड़ा उत्पादक हो या फिर बिचौलिए हों, उनको अगर लाभ पहुंचाने की अगर नीयत होगी तो निश्चित तौर पर चौतरफा महंगाई बढ़ेगी। अब यह विाय ऐसा नहीं है कि कृत्रिम रूप से केवल गेहूं का मसला होता तो हम यह मानकर चलते कि गेहूं की शॉर्टेज हो गई है और गेहूं का इम्पोर्ट हो रहा है, फिर दालों में, चावल में, चीनी में, हर क्षेत्र में, यानी देश की अपनी जो कुल अर्थव्यवस्था है, उसका अगर विचार करें तो 20 मई, 2004 से 20 मई, 2006 के बीच में जो स्थिति आई है, यह अत्यन्त भयावह स्थिति सामने आई है, क्योंकि तुलना करें, उसके पहले जो एन.डी.ए. की सरकार रही है तो उसके कालखण्ड में हम पाएंगे कि इसके बिल्कुल उलट उसी गेहूं का भारतवा से एक्सपोर्ट हो रहा था। देश वही है, उत्पादन की स्थिति वही है, उत्पादन में वृद्धि दर्ज की जा रही है और देश से ि वदेशों को निर्यात किया जा रहा है और दूसरे जितने मूल्य हैं, चाहे थोक के हों या खुदरा के हों, आम व्यक्तियों तक उसकी सहज उपलबधता हो, चाहे तेल का मामला हो या कोई और मामला हो। हां प्याज का एक अपवाद छोड़ देते हैं कि प्याज का दाम बढ़ गया। आज प्याज का इश्यू नहीं है। दाम उसका भी बढ़ता है, लेकिन प्याज की जो आर्टीफिशयल शार्टेज थी, वह चुनाव का हथकंडा था, जो बाद में जाहिर हुआ कि कुछ लोगों ने स्टोर किया, उसका दाम बढ़ गया और उसके दाम बढ़ने के वह बाद एक मुद्दा बन गया। लेकिन आज जब चारों तरफ हर वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि हुयी है, तो उसमें सरकार के ऊपर मंहगाई बढ़ने का जो आरोप लगा है, उस आरोप के शिकंजे के भीतर पूरी की पूरी सरकार खड़ी है। मोटा-मोटा सिद्धांत है, जैसे मांग और पूर्ति का नियम है कि अगर मांग अधिक है और पूर्ति कम है, तो दाम बढ़ेंगे। लेकिन यहां पूर्ति भी पूरी है और मांग सामान्य रूप से रोटी, कपड़ा, चा वल, दाल और चीनी की है। इनकी बहुत ज्यादा मांग बढ़ गयी है, रातों-रात बढ़ गयी है, ऐसा विाय नहीं है। अगर मांग पूर्ति ठीक रहे, तो स्थिरता रहेगी। अगर मांग शिथिल पड़ जाए और पूर्ति सप्लाई ज्यादा हो जाए, तो यह सब मानते हैं, किसान भी इस मोटे सिद्धांत को जानता है, लेकिन आज क्या हुआ है? पूर्ति कम क्यों हो रही है। बाजार में शार्टेज कैसी है? कहा गया कि उत्पादन कम है, इसलिए पचास लाख टन गेहूं का आयात कर रहे हैं। मैं इन तथ्यों की ओर नहीं जाता, लेकिन मेरी जानकारी में आया कि यह उस कंपनी से मंगाया जा रहा है कि जो वोल्कर कमेटी से कंसर्न्ड है और यह जानकर बड़ा आश्चर्य हुआ कि इतना गंभीर विाय, जिसको लेकर इस सदन में इतनी चर्चा हुयी, उसके माध्यम से गेहूं का विाय रखा गया और वह भी लगभग हजार रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से, जबकि अपने देश से 600 से 625 रूपए क्विंटल के हिसाब से खरीद हो रही है। इससे देश के किसानों का हित नहीं होगा। इसमें क्या हुआ है कि गेहूं की खरीदी के लिए जो देश के अपने निर्माता खाद्य के क्षेत्र में काम कर रहे हैं, मेरी अपनी जानकारी है कि ब्रिटानिया ने अपने क्षेत्र में सारा का सारा गेहूं खलिहान के भीतर ही ब्लाक कर दिया, क्योंकि उन्हें बिस्कुट का भी निर्माण करना है, अन्य खाद्य पदार्थों

का भी उत्पादन करना है। इसलिए इसमें कमी आयी है। पहले यह था कि देश के भीतर जो कारोबारी हैं, उनके ऊपर जो सरकार का नियंत्रण होना चाहिए, जो शिकंजा होना चाहिए, ऐसा लगता है कि वह नहीं है। मेरी ओर से सुझाव होगा कि सरकार इस पर पुनः विचार करे और जो सटोरिए हैं, जमाखोर हैं, कालाबाजारिये हैं, उनके ऊपर नियंत्रण करने के लिए लंबी प्रोसेस के बाद लाइसेंस होते थे कि खरीद करने वाले के पास जब मौके पर जाएगा, खेत में जाएगा, उसके पास लाइसेंस हो, उसकी स्टोरेज की लिमिट हो कि वह कितना अपने पास स्टोर कर सकता है। वह लिमिट खत्म कर दी गयी है। तराई के क्षेत्र से पूरब के क्षेत्र में कोई ट्रांसपोर्ट कर रहा है, तो उसके पास कंट्रोल आर्डर में उसका उल्लेख होना चाहिए। यह भी खत्म कर दिया गया। इतनी अधिक छूट न हो जाए, जिसका दुपरिणाम आज सामने आया है। मेरा अनुरोध है कि इस दिशा में विशो रूप से सदन में जो चिंता व्यक्त की जा रही है, वह मेरी नहीं बल्कि आम व्यक्ति की चिंता है।

अंत में मैं कहना चाहूंगा कि जो भाव बताए गए हैं, उनमें मैं सीमंट में नहीं जाता, जो डेढ़ सौ से रूपए पहले था, वह ढाई सौ पौने तीन सौ तक जा रहा है। मुझे जानकारी है कि आने वाले वित्तीय र्वा के समाप्त होते-होते यह तीन सौ रूपए से ऊपर पहुंचने वाला है और वहीं स्टील का भाव 3000 रूपए से ऊपर जाने वाला है। आम आदमी जो मकान का सपना लेकर आया था, उसका मकान भी नहीं बन रहा है, भोजन भी नहीं मिल रहा है, ऐसी स्थिति में आम आदमी कहां जाएगा? दूरस्थ क्षेत्र उत्तरांचल में, जहां पैदल ढुलाई करके लोग सामान ले जाते हैं, वहां साढ़े तीन सौ से चार सौ रूपए में सीमेंट की बोरी पड़ रही है, क्योंकि 30-40 किलोमीटर हैवी लोड ले जाना पड़ता है, हम लोगों के लिए जीना दूभर हो गया है। लोग याद करने लगते हैं कि एनडीए की सरकार में मूल्यों के ऊपर नियंत्रण था, देश के अंदर खुशहाली थी।

पिछले दो सालों मे यह स्थिति आयी है, इसलिए मैं पुनः कहूंगा कि वित्त मंत्री जी और सरकार इस पर गंभीरता से चिंता करें और न केवल अपनी छवि को बनाएं, बल्कि देश के आम आदमी को राहत प्रदान करने के सारे कार्यक्रम शुरू करें।

आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री अनंत गुढ़े (अमरावती)** : सभापति महोदय, सदन बड़ी गंभीरता से महंगाई पर चर्चा कर रहा है। सच बात यह है कि सदन गंभीरता से चर्चा कर रहा है, लेकिन जिस सरकार ने अपने कार्यकाल के दो साल पूरे किए, वह सरकार महंगाई के बारे में गंभीर है या नहीं। यूपीए की चेयरपर्सन सोनिया जी ने भी इस बारे में चिन्ता व्यक्त की है। लेकिन उसके बावजूद भी महंगाई के बारे में सरकार कुछ करने जा रही है, ऐसा कुछ नहीं दिखता। गेहूं, अनाज, सीमेंट, लोहा आदि, गत डेढ़-दो साल में हर चीज पर 25 से 50 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है, सब जगह बढ़ोतरी हुई है। यह गरीबों का देश है और इसमें 75 प्रतिशत पॉपुलेशन ग्रामीण इलाकों में रहती है। जो लोग रोज कमाते हैं और रोज खाते हैं, उनकी हालत क्या है, क्या हमने इस बारे में कभी सोचा है? पिछले साल जहां गेहूं के दाम आठ सौ रुपये, साढ़े आठ सौ रुपये थे, आज बारह सौ रुपये, पन्द्रह सौ रुपये तक हो गए हैं। गरीब लोग दो वक्त का खाना भी नहीं खा सकते, इस प्रकार की स्थिति इस देश में पैदा हुई है। लेकिन फिर भी सरकार इस बारे में कुछ नहीं सोचती। मुझे समझ में नहीं आता, आज सदन में चर्चा हो रही है, वित्त मंत्री जी जवाब देंगे, लेकिन जवाब के बाद इस बारे में कुछ उपाय होंगे या नहीं या केवल सदन में चर्चा ही होगी। जो लोग चाहते हैं कि हमें राहत मिलनी चाहिए, जो लोग चाहते हैं कि हमें सही दामों में आवश्यक वस्तु मिलनी चाहिए, क्या उन लोगों को कुछ मिलेगा या नहीं?

आज गेहूं के इम्पोर्ट के बारे में बात हुई। देश में सरप्सल गेहूं है। हमारे गोदाम में जो गेहूं पड़ा था, वह सड़ रहा था, हमने बाहर फेंक दिया। केन्द्र सरकार द्वारा कई योजनाएं बनाई गई हैं, जैसे रोजगार गारंटी योजना, जिसके तहत मजदूरों को अनाज के बदले काम की बात करते हैं। ...(व्यवधान) हमारे पास अनाज सरप्लस होने के बावजूद भी आज हम गेहूं क्यों इम्पोर्ट कर रहे हैं, इसका कोई जवाब सरकार के पास नहीं है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : You please conclude now. Your name has already been called. But you were not present. Still, I allowed you to speak for just two minutes only. You too have agreed to speak only for two minutes. Now, please conclude within a minute.

**श्री अनंत गुढ़े** : थोड़ी देर पहले माननीय शरद पवार जी ने यहां जवाब दिया। लेकिन उन्होंने जवाब में यह नहीं बताया कि गेहूं आयात करने की जरूरत क्यों पड़ी। क्या हमारे पास गेहूं की कमी है? हमारे पास गेहूं की कमी न होते हुए भी हमने गेहूं आयात किया। देश का जो किसान पैदावार करता है, हम उसे दाम नहीं दे सकते। देश में इस प्रकार की स्थिति है। इस बारे में सरकार क्या कर रही है, इसका कोई जवाब नहीं है।

शादियों का समय है। गरीब लोगों की बेटियों की शादी के लिए उन्हें मंगलसूत्र के लिए सोना लेना भी महंगा हो रहा है। शादी एक ही बार होती है।...(व्यवधान) मुझे दो मिनट भी नहीं हुए हैं।...(व्यवधान)

सोने के दाम जो पिछले चार महीनों में 5,000 रुपये थे, आज 12,000 रुपये हो चुके हैं। इस बारे में हम कुछ नहीं कर सकते।

वित्त मंत्री जी ने इस साल के बजट भााण में वैट लगाने के बारे में कहा। जब वैट लगाया गया, उस वक्त कहा गया था कि वैट लगाते समय लोकल टैक्स नहीं लगाए जाएंगे। लेकिन आज कार्पोरेशन टैक्स, म्युनीसिपल कार्पोरेशन टैक्स भी लगते हैं जिसका परिणाम यह हो रहा है कि महंगाई और बढ़ रही है। वित्त मंत्री जी ने अपने भााण में जो कहा था, कम से कम सरकार उसी बात पर रहे कि सारे देश में एक ही टैक्स रहे। आज कार्पोरेशन के टैक्स अलग हैं।...(व्यवधान) वहां 6 प्रतिशत एक्सट्रा टैक्स लग रहा है जिसकी वजह से भी दाम बढ़ रहे हैं। लेकिन इसके बाद भी सरकार इस बारे में कुछ काम नहीं कर रही है। इसलिए इस देश की जनता को जवाब देने की जिम्मेदारी सरकार की है। इस बारे में सरकार क्या सोचती है, यह मैं जानना चाहता हूं।

**श्रीमती करुणा शुक्ला (जाँजगीर) :** माननीय सभापति महोदय, आज सदन में बहुत महत्वपूर्ण विाय पर चर्चा चल रही है। सदन बहुत गंभीरता से इस विाय पर चर्चा कर रहा है। देश के ऊपर चारों तरफ से मार पड़ रही है। कहीं हम आतंकवाद से जूझ रहे हैं, कहीं हम नक्सलवाद से जूझ रहे हैं, कहीं हम माओवाद से जूझ रहे हैं और जो कुछ बचा-खुचा है, वह हमें महंगाई ने मार दिया है। दो पहले दिन यूपीए सरकार ने अपने दो वा के कार्यकाल का जश्न मनाया। मैं गरीबों के पेट पर लात मारकर जश्न मनाने वाली सरकार से पूछना चाहती हूं कि आपने अपने घोाणा पत्र में बहुत लम्बे चौड़े वायदे किये थे कि "कांग्रेस का हाथ, आम आदमी के साथ"। अब वामपंथी वकालत करते हैं, प्रहरी बनते हैं कि वे देश की सेवा कर रहे हैं और देश को महंगाई से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। आज आप दोनों मिल-जुलकर, अगर मैं कहूं कि एक नया नारा देश की जनता ने बना दिया है, तो वह है कि "कांग्रेस और वामपंथियों का हाथ, गरीबों के पेट पर लात"। सब कुछ सहन होगा, हम हर समस्या से जूझ लेंगे, हर चीज के लिए रणनीति बना लेंगे, परन्तु एक लम्बी चौड़ी सूची, जो मैं यहां नहीं पढ़ूंगी कि चीनी का क्या भाव हो गया, तेल का क्या भाव हो गया, आटे का क्या भाव हो गया, दाल की कीमतें क्या हो गयी, इन सबमें 50 से 100 परसेंट की महंगाई बढ़ गयी है। मैं एनडीए सरकार को कोसने वालों लोगों से पूछना चाहती हूं कि जब अटल जी सरकार थी तब क्या महंगाई बढ़ी थी ? उस समय मूल्य स्थिर था और देश स्वाभिमान से जी रहा था। एक प्याज की कीमत बढ़ी, तो सरकार बदलने की कोशिश की गयी। ये लोग बहुत कहते हैं कि आप वहां से यहां आ गये और हम यहां से वहां चले गये। ...(व्यवधान) प्रधान जी कह रहे हैं कि दिल्ली की सरकार चली गयी थी। सरकारें आती जाती रहेंगी, लेकिन इस देश का दुर्भाग्य है कि आजादी के 59 साल बाद इस कृाि प्रधान देश में, आपकी सरकार में किसान आत्महत्याएँ कर रहे हैं। माएं अपने बच्चों के साथ इसलिए आत्महत्याएं कर रही हैं कि वे अपने दुधमुहे बच्चों को दूध नहीं पिला पा रहीं। अगर बिजली नहीं मिलती तो मिट्टी तेल से, चिमनी से, डिबरी से काम चल जायेगा लेकिन रोटी नहीं मिलेगी, पीने का पानी नहीं मिलेगा, तो काम कैसे चलने वाला है ? क्या कभी यूपीए सरकार ने इस पर गंभीरता से विचार किया है?

माननीय सभापति महोदय, एक कहावत है जो इन पर सटीक बैठती है कि भूल गये राव-रंग, भूल गये छकड़ी और याद रहा नून, तेल, लकड़ी। आने वाले चुनाव में ये नून, तेल, लकड़ी आपको आठ-आठ आंसू रुलाने वाला है। देश की जनता आज आपसे सवाल पूछ रही है। दो वार्ों की आपकी उपलब्धियों में समाचार पत्रों के प्रथम पृठ पर श्री मन मोहन सिंह जी का महंगाई का एक आंकड़ा प्रस्तुत किया जाता है। खेद का विाय है कि प्रधान मंत्री जी मीटिंग में, सभा में कहते हैं कि हम कोई गेहूं का आयात नहीं करेंगे। वह इसे डंके की चोट पर कहते हैं लेकिन 24 घंटे में 50 लाख टन गेहूं का आयात किया जाता है। मैं पूछना चाहती हूं कि क्यों, किसलिए ? पंजाब के किसानों का गेहूं भ्रटाचारियों ने, घूसखोरियों ने, विदेशियों ने खेत से खरीद लिया और सरकार सोती रही। सरकार मौन है, बधिर है, मूक है। सरकार गरीबों का तमाशा देख रही है कि गरीब रोएं, आत्महत्याएं करें। सरकार को लाभ का पद बचाने के लिए स्पेशल सत्र बुलाना पड़ता है। मैं इस सदन में आपके माध्यम से आरोप लगाती हूं कि जिस पार्टी को, जिस पार्टी की अध्यक्षा

को अपना पद बचाने की चिंता है, वह देश के गरीबों की चिंता नहीं कर सकती। इस महंगाई ने बच्चों को रुलाया, महिलाओं को रुलाया और पूर्व पंट्रोलियम मंत्रियों ने जाकर कह दिया कि महिलाएं साड़ी न खरीदें। अगर साड़ी नहीं खरीदेंगे तो तन पर पहनेंगे क्या, इसकी चिंता करनी चाहिए ?

माननीय सभापति महोदय, मैं गरीबों की तरफ से सिर्फ यही कहना चाहूंगी कि "यूं तो हर आंख यहां रोती है।" वित्त मंत्री जी, इसे आप ध्यान से सुनिये क्योंकि जब आप बजट प्रस्तुत करते हैं तो आंकड़ों का जाल बिछा देते हैं। आप कहते हैं कि मैं हूं ना। आप कहां हैं ? अब महंगाई बढ़ गयी तो आप कहां

हैं ? ाब आप क्यों नहीं दिखाई दे रहे हैं? इसीलिए मैं कहना चाहती हूं कि

" यूं तो हर आंख यहां रोती है, हर बूंद मगर अश्क नहीं होती है।
देखकर रो दे जो जमाने का गम, उस आंख से आंसू गिरे वह मोती है।। "

एनडीए सरकार ने गरीबों के आंसू पोंछे हैं, गरीबों की हितचिन्तक रही है, किसानों के कर्ज माफ किए हैं, उन्हें महंगाई की मार से मारा नहीं है। कम से आप इससे बचाइए और मेरे प्रश्नों का उत्तर आप अवश्य दीजिए। सभापति महोदय, आपने बोलने के लिए समय दिया इसलिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

--------------

MR. CHAIRMAN : Hon. Members, the Minister will reply tomorrow.

Now, we will take up Item No.34.

**18.40 hrs.**

**NATIONAL INSTITUTE OF FASHION**

**TECHNOLOGY BILL, 2006**